भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न** संख्या-272
उत्तर देने की तारीख-05/02/2024

**शैक्षणिक रूप से पिछड़े जिलों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा**

**272. श्री सुशील कुमार रिंकू:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास देश के शैक्षणिक रूप से पिछड़े जिलों के आंकड़े हैं;
(ख) यदि हां, तो पंजाब सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार द्वारा इन पिछड़े जिलों के बच्चों को उनके आस- पास के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करने के लिए बनाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) इस प्रयोजनार्थ अनुमानित निधियों का ब्यौरा क्या है और इन्हें कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुभाष सरकार)**

(क) से (घ): सरकार ने वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए 12926.10 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शैक्षिक रूप से असेवित/अल्पसेवित क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए जून 2023 में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-यूएसएचए) के रूप में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) का तीसरा चरण शुरू किया है। पीएम-यूएसएचए के तहत, फोकस जिलों को प्राथमिकता दी जाती है। निम्न सकल नामांकन अनुपात, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों आदि जैसी लाभवंचित श्रेणियों के अनुपात सहित विभिन्न मानदंडों के आधार पर संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा फोकस जिलों की पहचान की जाती है। आज की तारीख तक की स्थिति के अनुसार, पंजाब सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा पहचान किए गए और प्रस्तुत किए गए फोकस जिलों का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है। इस योजना में विभिन्न घटकों जैसे बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू), विश्वविद्यालयों को मजबूत करने के लिए अनुदान, कॉलेजों को मजबूत करने के लिए अनुदान, नए मॉडल डिग्री कॉलेज और जेंडर समावेशन और इक्विटी पहल के अंतर्गत सहायता के माध्यम से राज्य उच्चतर शिक्षा प्रणाली में पहुँच, समानता और उत्कृष्टता में सुधार की परिकल्पना की गई है

*****

अनुलग्नक

**श्री सुशील कुमार रिंकू, माननीय संसद सदस्य द्वारा शैक्षिक रूप से पिछड़े जिलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संबंध में** दिनांक **05.02.2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 272 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

पीएम-यूएसएचए के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा पहचाने गए फोकस जिलों की सूची

| **राज्य** | **फोकस जिलों की संख्या** | **फोकस जिलों का नाम** |
|---|---|---|
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 2 | उत्तर और मध्य अंडमान, दक्षिण अंडमान |
| आंध्र प्रदेश | 13 | अल्लूरी सीतारमा राजू, अनंतपुर, अन्नमय्या, चित्तूर, पूर्वी गोदावरी, कृष्णा, नंद्याल, पार्वतीपुरम मान्यम, एसपीएसआर नेल्लोर, श्रीकाकुलम, श्री सत्य साईं, विजयनगरम, वाई.एस.आर. |
| अरुणाचल प्रदेश | 12 | चांगलांग, पूर्वी कामेंग, लेपाराडा, लोहित, निचली दिबांग घाटी, निचली सुबनसिरी, पापुम पारे, तवांग, तिरप, ऊपरी सियांग, ऊपरी सुबनसिरी, पश्चिम सियांग |
| असम | 16 | बक्सा, बारपेटा, कछार, चिरांग, दर्रांग, धुबरी, दिमा हसाओ, गोलपारा, हैलाकांडी, कार्बी आंगलोंग, करीमगंज, मारीगांव, सोनितपुर, तिनसुकिया, उदलगुरी, पश्चिम कार्बी आंगलोंग |
| चंडीगढ़ | 1 | चंडीगढ़ |
| छत्तीसगढ | 17 | बलौदा बाजार, बस्तर, बेमेतरा, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, खैरगढ़ छुईखदान गंडई, कोरबा, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, सरगुजा |
| गोवा | 2 | उत्तरी गोवा, दक्षिणी गोवा |
| गुजरात | 16 | अहमदाबाद, आनंद, बनास कांथा, भरूच, डांग, दोहाद, गांधीनगर, जूनागढ़, कच्छ, नर्मदा, नवसारी, पाटन, सूरत, सुरेंद्रनगर, तापी, वलसाड |
| हरियाणा | 11 | भिवानी, चरखी दादरी, फ़रीदाबाद, गुरूग्राम, झज्जर, जिंद, महेंद्रगढ़, पंचकुला, पानीपत, रोहतक, सोनीपत |
| हिमाचल प्रदेश | 6 | चंबा, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सिरमौर, ऊना |
| जम्मू और कश्मीर | 10 | बडगाम, बांदीपोरा, बारामूला, डोडा, कठुआ, कुलगाम, कुपवाड़ा, राजौरी, रामबन, उधमपुर |
| झारखंड | 12 | चतरा, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, गुमला, जामताड़ा, खूंटी, लातेहार, पलामू, साहेबगंज, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम |
| कर्नाटक | 16 | बेलगावी, बीदर, चामराजनगर, चिकबल्लापुर, चिक्कमगलुरु, चित्रदुर्ग, हासन, कालाबुरागी, कोडागु, कोलार, कोप्पल, मांड्या, रायचूर, उत्तर कन्नड़, विजयपुर, यादगीर |
| लद्दाख | 2 | कारगिल, लेह लद्दाख |
| लक्षद्वीप | 1 | लक्षद्वीप जिला |

| | | |
|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 27 | अनुपपुर, अशोकनगर, बालाघाट, बड़वानी, बैतूल, छतरपुर, छिंदवाड़ा, धार, डिंडोरी, गुना, हरदा, जबलपुर, झाबुआ, खरगोन, मंडला, रायसेन, राजगढ़, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, शाजापुर, श्योपुर, सीधी, सिंगरौली, उज्जैन, उमरिया |
| महाराष्ट्र | 18 | अमरावती, औरंगाबाद, बुलढाणा, चंद्रपुर, गढ़चिरौली, गोंदिया, हिंगोली, जालना, लातूर, मुंबई उपनगरीय, नांदेड़, नंदुरबार, उस्मानाबाद, पालघर, सोलापुर, ठाणे, वाशिम, यवतमाल |
| मणिपुर | 8 | बिष्णुपुर, चंदेल, चुराचांदपुर, इम्फाल पूर्व, सेनापति, तमेंगलोंग, थौबल, उखरुल |
| मेघालय | 6 | पूर्वी गारो हिल्स, पूर्वी खासी हिल्स, दक्षिण गारो हिल्स, दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स, पश्चिम गारो हिल्स, पश्चिम जैन्तिया हिल्स |
| मिजोरम | 6 | चम्फाई, कोलासिब, लॉन्गत्लाई, लुंगलेई, ममित, सैहा |
| नागालैंड | 8 | दीमापुर, किफिरे, कोहिमा, मोकोकचुंग, मोन, फेक, त्सेमिन्यु, तुएनसांग |
| पुदुचेरी | 4 | कराईकल, माहे, पांडिचेरी, यानम |
| पंजाब | 12 | अमृतसर, बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट, होशियारपुर, जालंधर, लुधियाना, मनसा, मोगा, पटियाला, रूपनगर, संगरूर |
| राजस्थान | 17 | बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, धौलपुर, डूंगरपुर, जैसलमेर, जालौर, झालावाड़, करौली, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही |
| सिक्किम | 5 | उत्तर जिला (मंगन), पाक्योंग, सोरेंग, दक्षिण जिला (नामची), पश्चिम जिला (ग्यालशिंग) |
| तेलंगाना | 16 | भद्राद्रि कोठागुडेम, हनुमाकोंडा, हैदराबाद, जगितियाल, कामारेड्डी, करीमनगर, खम्मम, कोमाराम भीम आसिफाबाद, महबूबनगर, मेडचल मल्काजगिरी, नलगोंडा, निर्मल, निज़ामाबाद, राजन्ना सिरसिला, रंगारेड्डी, संगारेड्डी |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 3 | दादरा और नगर हवेली, दमन, दीव |
| त्रिपुरा | 4 | धलाई, खोवाई, उनाकोटि, पश्चिम त्रिपुरा |
| उत्तराखंड | 6 | चमोली, चंपावत, पौडी गढ़वाल, पिथौरागढ, उधम सिंह नगर, उत्तरकाशी |
| उत्तर प्रदेश | 38 | आगरा, अलीगढ, अयोध्या, आज़मगढ़, बाँदा, बरेली, भदोही, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, फ़िरोज़ाबाद, गौतमबुद्धनगर, ग़ाज़ियाबाद, ग़ाज़ीपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, झाँसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कुशी नगर, ललितपुर, लखनऊ, महोबा, मथुरा, मऊ, मेरठ, मिर्ज़ापुर, पीलीभीत, प्रयागराज, रामपुर, सहारनपुर, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, सोनभद्र, वाराणसी |

*****